बी ई एम एल
beml
NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

**बीएमएमएल ने बीएमआरसीएल के लिए पहला मध्यवर्ती कार यूनिट का नियत समय से पूर्व सुपुर्दगी की**

****** यात्री वहन क्षमता को दुगुना करेगा******

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी और मेट्रो कारों की प्रमुख निर्माता है, ने आज बीएमआरसीएल को पहला मध्यवर्ती कार यूनिट की मुहैया कराई है। इस मध्यवर्ती कार यूनिट को मौजूदा 3-कार ट्रेन सेट के साथ एकीकृत किया जाएगा ताकि वह 6-कार ट्रेन सेट किया जा सके, जो अंततः मेट्रो की मौजूदा यात्री क्षमता को दोगुना कर देगा।

बीईएमएल बेंगलूर कॉम्प्लेक्स में आज सम्पन्न समारोह में श्री अनंत कुमार, माननीय रसायन एवं उर्वरक और संसदीय मामलों के मंत्री तथा श्री के.जे. जॉर्ज, बेंगलूर विकास और नगर-योजना के लिए माननीय मंत्री, कर्नाटक सरकार की उपस्थिति में श्री डी.के. होता, सीएमडी, बीईएमएल ने मेट्रो कार यूनिट को श्री महेंद्र जैन, भा.प्र.से., एमडी, बीएमआरसीएल एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव, शहरी विकास, कर्नाटक सरकार को सौंप दिया।

श्री पी.सी. मोहन, माननीय सांसद, श्री एस. रघु, माननीय विधायक तथा श्री एम. नारायणस्वामी, विधान परिषद के माननीय सदस्य ने अपनी उपस्थिति से उक्त समारोह की शोभा बढ़ाई।

अनुबंध की शर्तों के अनुसार उक्त मध्यवर्ती कार यूनिटों की सुपुर्दगी जून 2018 से शुरू होनी थी। तो भी, बढ़ती हुई सार्वजनिक मांग पर विचार करते हुए, बीईएमएल ने बीएमआरसीएल के साथ मिलकर कार्य करके सुपुर्दगी को नियत समय से पूर्व कर दिया तथा पहली मध्यवर्ती कार यूनिट को आज सफलतापूर्वक सुपुर्दगी की।

इस अवसर पर श्री डी.के. होता, सीएमडी, बीईएमएल ने कहा, “बीईएमएल मेट्रो निगमों को विश्व स्तर की सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे शहरी भीड़ को कम किया जाये और भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' नीति को सफलतापूर्वक साकार किया जाए। ”



श्री अनंत कुमार, माननीय केन्द्रीय मंत्री तथा श्री के.जे. जॉर्ज, माननीय कर्नाटक सरकार के मंत्री की उपस्थिति में बीईएमएल के सीएमडी श्री डी.के. होता बीएमआरसीएल के एमडी श्री महेंद्र जैन को मध्यवर्ती कार प्रमाण पत्र सौंप रहे हैं।




बीईएमएल द्वारा बीएमआरसीएल को मध्यवर्ती कारों के पहले सेट को झण्डा फहराकर रवाना किया गया।




*बीईएमएल द्वारा निर्मित मध्यवर्ती कारों के पहले सेट बीएमआरसीएल को सौंपने के लिए तैयार स्थिति में है।*



*बीईएमएल मध्यवर्ती कोच का एक दृश्य*

बीएमआरसीएल के अलावा, वर्तमान में बीईएमएल द्वारा कोलकाता मेट्रो पूर्व-पश्चिम परियोजना तथा दिल्ली मेट्रो फेस-3 परियोजनाओं के लिए अनुबंधों को निष्पादित किया जा रहा है। कोलकाता मेट्रो परियोजना का नमूना हाल ही में दिया गया है तथा आम जनता और विशेषज्ञों से द्वारा उसकी व्यापक सराहना की गई है।

बीईएमएल ने वर्ष 2002 में उच्च तकनीक मेट्रो कारों के निर्माण और आपूर्ति करने की शुरुआत की है। तब से, बीईएमएल ने महत्वपूर्ण प्रगति की थी और आज तक 1300 से अधिक मेट्रो कोचों को दिल्ली मेट्रो, बेंगलूर मेट्रो, जयपुर मेट्रो जैसे देश भर में विभिन्न मेट्रो रेल निगमों को आपूर्ति की गई। इस प्रकार बीईएमएल अब देश में मेट्रो कोचों/उन्नत गाड़ियों के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभरने के साथ-साथ निकट भविष्य में उच्च गतिवाले ट्रेनों के निर्माण के लिए आगे बढ़ने की आशा करता है।

बेंगलूर
14.02.2018

बीईएमएल लिमिटेड द्वारा एक रिलीस